FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Hisar **Year (वर्ष):** 2026

FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0044 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 04/11/2026 14:20 hrs

2.

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धारा(एँ))
1	PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988	7

3. **(a)** **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 19/06/2026 **Date To (दिनांक तक):** 20/06/2026

Time Period (समय अवधि): **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 00:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 04/11/2026 **Time (समय):** 13:52 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 010 **Date and Time (दिनांक और समय):** 04/11/2026 13:52 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** NORTH, 10 Km **Beat No. (बीट सं.):** (s)

(b) Address (पता): हिसार,

(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):

District (State) (जिला (राज्य)):

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** Rajbir Singh

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 09/03/1970 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

S. No. (क्र.सं.)	ID Type (पहचान पत्र का प्रकार)	ID Number (पहचान संख्या)

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

S.No. (क्र.सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	**Present Address**	**ACB हिसार, ACB, Hisar, State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA**
2	**Permanent Address**	**ACB हिसार, ACB, Hisar, State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA**

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-7015206212

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

S. No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Present Address(वर्तमान पता)
1	ASI चांदवीर			1. पुलिस चौकी 12 क्वार्टर हिसार,HTM HISAR,HISAR,HARYANA,INDIA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

S. No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में))

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

S. No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में,

प्रबन्धक अफसर,

थाना राज्य सतर्कता एवं

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ह0) ,

हिसार मंडल, हिसार ।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि राजरानी पत्नी महेन्द्र वासी दडबा रूपाणा खुर्द जिला सिरसा हाल मकान नं0 485 वार्ड नं0 15 महाबीर कालोनी हिसार द्वारा दी गई शिकायत कार्यालय पुलिस राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल हिसार के डायरी क्रमांक 2419 दिनांक 22.06.2026 के अनुसार विश्लेषण हेतू मन निरीक्षक को प्राप्त हुई । जिसका मजबुन जैल है ।

2.सेवा में, श्रीमान पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जिला हिसार विषय दरखास्त बराये किए जाने कानुनी कार्यवाही बरखिलाफ राकेश कुमार चौकी ईन्चार्ज, चांदवीर ASI(IO), अजय दीप, विजेन्द्र (SPO) श्रीमान जी, निवेदन है मैं राजरानी पत्नी महेन्द्र वासी दडबा रूपाणा खुर्द जिला सिरसा हाल मकान नं0 485 वार्ड नं0 15 महाबीर कालोनी हिसार में मेरे पिता जी रोहताश के पास आई हुई हूं " दिनांक 13.06.2026 को शाम के समय विकास पुत्र सुबे सिंह वासी हनुमान मंदिर गली नं0 7 वार्ड नम्बर 7, वार्ड नम्बर 8 राजीव नगर के साथ मेरे भाई राहुल व बजरंग आपस में हरा-चारा को लेकर झगडा हो गया था जिस पर विकास ने मेरे भाई राहुल व बजरंग के खिलाफ थाना एच0 टी0 एम0 हिसार में मुकदमा नम्बर 302 दिनांक 15.06.2026 को दर्ज करवा दिया था । मेरे पास चौकी ईन्चार्ज का मेरे मोबाईल पर फोन आया और बोला कि तुम अपने भाई राहुल को चौकी में ले आ इसकी यहीं स्टेशन जमानत कर देंगे । उसके बाद दिनांक 19.06.2026 को पुलिस चौकी 12 क्वाटर हिसार के मुलाजम मेरे भाई राहुल को घर से पकडकर चौकी में ले गये थे फिर साम को लगभग 4 बजे चौकी गई अपने भाई का पता लेने गई थी । पुलिस चौकी के बाहर पुलिस मुलाजम मिले थे जिनको मैंने मेरे भाई राहुल से मिलने बारे कहा तो उन्होने कहा कि तेरे भाई राहुल का केस का आई0 ओ0 ASI चान्दवीर है जो अब चौकी में नहीं है । उसके बाद मैं शाम को पुलिस चौकी 12 क्वाटर में चान्दवीर से मिली मैनें आई0ओ0 चान्दवीर से मिली और मैने मेरे भाई राहुल को छोडने बारे बात की तो उसने कहा कि तेरा भाई अब छुटेगा नहीं मैं इतना कर सकता हूं कि आपके भाई की जमानत में आपकी मदद कर दूंगा और इसकी मार पिटाई नहीं करूंगा व तेरे छोटे भाई बजरंग को इस केस से निकाल दूंगा और इस केस स्कुटी बरामद नहीं करूंगा आई0 ओ0 चान्दवीर ने इस एवज में मेरे से 30 हजार रूपये की रिश्वत (Bribe) की मांग की मैंने उसके कहा कि मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं उसने कहा कि इससे निचरले 20 हजार रूपये दे देना मैंने कहा कि मेरा इतना बजट नहीं है मैंने कहा कि मैं 10 हजार रूपये कर सकती हूं उसने मुझे वहीं पर बैठने के लिये कहा कुछ देर बैठने के बाद आई0 ओ0 चान्दवीर ने मेरे को कहा कि 30 हजार रूपये लगेंगे जिसकी मैनें रिकार्डिंग डिवाईश में रिकार्डिंग कर ली इसके बाद मैं चौकी से घर आ गई अपने भाई का खाना लेने के लिये और खाना लेकर गई वापिस रात को ही गई तब आई0 ओ0 चान्दवीर और अजय दीप ने मुझे बोला पैसे ले आई तो मैंने बोला 3000/- रूपये ही है तो आई0 ओ0 ने पैसे लेने से मना कर दिया और बोला की 30,000/- रूपये पुरे लेंगे कल दे देना तब मैनें बोला कि 30,000/- रूपये के अलावा चौकी ईन्चार्ज को अलग से नहीं दे पाउंगी तो आई0 ओ0 चान्दवीर ने कहा कि हम दोनों के हैं ये किसी को नहीं देने और । दिनांक 20.06.2026 को मैं अपने भाई की जमानत करवाने के लिये कोर्ट आ गई मेरे पास रिश्वत के पैसे नहीं थे और मैं देना भी नहीं चाहती थी और इनको पकडवाना चाहती थी । इन उपरोक्त 4 चारों के खिलाफ कानुनी कार्यवाही की जावे और SPO Vijender मुझे बार-बार Whatsapp call कर रहा था और रिश्वत के पैसे उनको देने के लिये दबाव बना रहा था । उपरोक्त घटनाक्रम से जुडी सारी रिकार्डिंग मेरे पास मौजूद है ।

3.शिकायत के विश्लेषण के दौरान सामने आये साक्ष्यों के आधार पर विशेष रूप से शिकायतकर्ता राजरानी द्वारा प्रस्तुत की गई रिकार्डिंग व रिकार्डिंग की ट्रांसक्रिप्शन के अवलोकन से स0उ0नि0 चान्दवीर के द्वारा मुकदमा नम्बर 302 दिनांक 15.06.2026 थाना एच0टी0एम0 हिसार में शिकायतकर्ता राजरानी के भाई राहुल की जमानत में मदद करने व मारपिटाई ना करने व छोटे भाई बजरंग को केस से निकालने व केस में स्कुल बरामद ना करने की एवज में 30,000 /- रूपये रिश्वत की मांग किये जाने की पुष्टी होती है ।

4.उपरोक्त शिकायत के सन्दर्भ में मन निरीक्षक द्वारा पत्र क्रमांक 88/SVACB Hisar Dated 25-09-2026 के अनुसार रिपोर्ट तैयार करके पुलिस अधीक्षक राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल हिसार के सम्मुख पेश की गई जिस पर पुलिस अधीक्षक राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार मण्डल हिसार द्वारा पत्र क्रमांक 4478/Complaint/453/SVACB Hisar Dated 29-09-2026 के माध्यम से स0उ0नि0 चांदवीर पुलिस चौकी 12 क्वाटर थाना एच0टी0एम0 हिसार के विरूद्ध धारा 7 पी0सी0एक्ट के तहत अभियोग अंकित करने की अनुमति हेतु कार्यालय पुलिस महानिदेशक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (ह0) पंचकुला भिजवाई गई थी । जिस पर कार्यालय पुलिस

महानिदेशक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (ह0) पंचकुला के पत्र क्रमांक 21036/Complaint/443/HSR/2026 Dated 16-10-2026 के अनुसार सहमति प्रदान की गई है । अत स0उ0नि0 चांदवीर पुलिस चौकी 12 क्वाटर थाना एच0टी0एम0 हिसार के विरूध धारा 7 पी0 सी0 एक्ट अभियोग दर्ज करने के लिये तहरीर प्रस्तुत है ।

Sd/- Rajbir Singh Inspector
(निरीक्षक राजबीर सिंह)
रा0स0 एवं भ्र0नि0ब्यूरो,
हिसार मण्डल हिसार ।
समय – 01.30 PM

अज थाना- हस्ब आमद तहरीर पर मुकदमा नं0 44 दिनांक 04.11.2026 जेर धारा 7 PC Act थाना रा0स0 एवं भ्र0नि0ब्यूरो हिसार मंडल हिसार दर्ज रजिस्टर किया जाकर नकल मिशल पुलिस मय तहरीर मय रिकॉर्ड आगामी तफ्तीश हेतू श्री धर्मबीर सिंह DSP SV ACB हिसार के हवाले की जा रही है । FIR की स्पैशल प्रतियां तैयार करके Email ID द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट साहब हिसार व पुलिस अधीक्षक हिसार की सेवा में भेजी जा रही हैं ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Dhrambir **Rank (पद):** DSP Kumar

No. (सं.): **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C.
(आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

14.

Name (नाम): Rajbir Singh

Rank (पद): I (Inspector)

Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)

No. (सं.): 265h

15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: (If known / seen)

(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))

S. No. (क्र.सं.)	Sex (लिंग)	Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष)	Build (बनावट)	Height (cms) (कद (से.मी.))	Complexion (रंग)	Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह)
1	2	3	4	5	6	7
1	Male					**Is pox pitted:** Yes

Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ)	Teeth (दाँत)	Hair (बाल)	Eye (आँखें)	Habit(s) (आदतें)	Dress Habit (s) (पहनावा)
8	9	10	11	12	13

Language/Dialect (भाषा/बोली)	Place of (का स्थान)					Others (अन्य)
	Burn Mark (जले हुए का निशान)	Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे))	Mole (मस्सा)	Scar (घाव)	Tattoo (गूदे हुए का)	
14	15	16	17	18	19	20

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.

(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)